an>

Title: Need to release balance fund under MGNREGA to Odisha.

श्री बलभद्र माझी (नबरंगपुर): उपाध्यक्ष महोदय, स्वाधीनता के 67 साल बाद भी आज यह हालत है कि विशेषकर जो अनुसूचित जनजाति वर्ग के लोग हैं, एसटी लोग हैं, वे लोग क्वालीफाईड नहीं मिलते हैं, जिसकी वजह से बहुत सारी पोस्टों में उनका जो रिज़र्वेशन रखा गया है, वह खाली पड़ी रहती हैं, उन पर भर्ती नहीं हो पाती है। उसका विशेष कारण यह है कि जितने भी ट्राइबल सबप्लान एरियाज़ हैं, वहां पर एडुकेट स्कूल-कॉलेजों का प्रावधान नहीं है। इसकी वजह से सन् 2011 का जो सेंसस है, उसमें पाया गया है कि सबसे जो लीस्ट लिट्रेट दस डिस्ट्रिक्ट हैं, वे सभी टीएसपी एरिया के डिस्ट्रिक्ट्स हैं। सरकार ने कुछ स्टेप्स लिए हैं कि ये सब जो एजुकेशनली बैकवर्ड एरियाज़ हैं, उनमें एक-एक मॉडल स्कूल हर ब्लॉक में बनाया जाएगा और हर जिले में एक मॉडल डिग्री कॉलेज बनाया जाएगा। कई ब्लॉक्स ऐसे हैं, जहां एक भी डिग्री कॉलेज नहीं है। मेरा सरकार से अनुरोध है कि जितने टीएसपी एरियाज़ हैं, वहां पर सरकार एक-एक डिग्री कॉलेज हर ब्लॉक में बनाए और हर ब्लॉक में जो मॉडल स्कूल है, उनकी संख्या बढ़ा कर कम से कम दो-तीन की जाए। इसके अलावा इस एरिया में पढ़ाने के लिए, उसी एरिया का जो पॉप्युलेशन प्रपोर्शन है, उसी प्रपोर्शन में भर्ती की जाए न कि ऑल इंडिया एवरेज़ का साढ़े सात प्रतिशत और 15 प्रतिशत के हिसाब से किया जाए।